**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3609**

**उत्तर देने की तारीख : 15 जुलाई, 2019**

**राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना**

**3609. श्री राजा अमरेश्वर नाईक :**
**श्री खगेन मुर्मु :**
**डॉ॰ सुकान्त मजूमदार :**
**श्री विनोद कुमार सोनकर :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नाट्य के क्षेत्र में क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने हेतु कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन केन्द्रों की स्थापना हेतु चिन्हित स्थान कौन-से हैं और उक्त केन्द्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित 'भारत रंग महोत्सव' हेतु कुल आबंटित राशि और किया गया व्यय कितना है; और

(ङ) सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पुस्तकालयों और संग्रहालयों के विकास हेतु क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

(क) : जी, हां। संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) देश के सभी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए देश भर में स्थित 12 केन्द्रों में साक्षात्कार, स्वर परीक्षा आयोजित करते हुए चयन प्रक्रिया के द्वारा नाट्य-कला में 3 वर्ष के अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रति वर्ष 27 छात्रों को दाखिला देता है। इसके अलावा, नाटक और अभिनय के क्षेत्र में प्रतिभाओं को

आकर्षित करने के लिए एनएसडी विभिन्न उत्सव और कार्यशालाएं अर्थात; भारत रंग महोत्सव और पूर्वोत्तर उत्सव आदि आयोजित करता है। थिएटर-इन-एजुकेशन कंपनी प्रत्येक वर्ष बच्चों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करती है।

(ख) और (ग) : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) सोसाइटी द्वारा फरवरी, 2005 में स्थापित व्यापक आधार समिति (विजन समिति) ने अन्य बातों के साथ-साथ बेंगलूरू (कर्नाटक) और कोलकाता, महाराष्ट्र/गोवा, जम्मू एवं कश्मीर तथा पूर्वोत्तर सहित देश में एनएसडी के पांच क्षेत्रीय केन्द्र खोलने की सिफारिश की थी।

वर्तमान में, एनएसडी आउटरीच कार्यक्रम के समेकन के अंतर्गत दिल्ली परिसर के अतिरिक्त 4 केन्द्रों का संचालन कर रहा है जो गंगटोक, बेंगलुरू, अगरतला और वाराणसी में स्थित हैं।

**स्थापित केन्द्र :**

बेंगलुरू (कर्नाटक) - जुलाई, 1994

गंगटोक (सिक्किम) - जुलाई, 2011

अगरतला (त्रिपुरा) - अगस्त, 2012

वाराणसी (उत्तर प्रदेश) - अगस्त, 2018

(घ) : अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव भारत रंग महोत्सव

(लाख रुपए में)

| वर्ष | आबंटन | व्यय |
|---|---|---|
| 2016-17 | 772.00 | 772.00 |
| 2017-18 | -- | -- |
| 2018-19 | 795.00 | 955.03 |

(ङ) : संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ स्वायत्त संगठन राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ), कोलकाता अपनी विभिन्न समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के तहत संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरण से प्राप्त

प्रस्तावों के आधार पर सार्वजनिक पुस्तकालय के विकास और उसके कार्यकलापों के लिए सहायता उपलब्ध कराता है। आरआरआरएलएफ द्वारा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लिए उपलब्ध कराई गई सहायता के ब्यौरे अनुलग्नक-क में संलग्न हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के राज्य पुस्तकालय प्राधिकरण से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर एनएमएल मॉडल पुस्तकालय स्कीमों के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) द्वारा संस्वीकृत राशि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

(लाख रुपए में)

| राज्य | पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 222.81 |
| पश्चिम बंगाल | उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय | 86.98 |
| उत्तर प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 206.00 |
| उत्तर प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय | 87.00 |

संस्कृति मंत्रालय द्वारा संग्रहालय अनुदान स्कीम चलाई जाती है जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मौजूद संग्रहालयों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकारों और सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों और सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यासों को नए संग्रहालय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में अप्रैल, 2014 से जून, 2019 तक वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संगठनों की सूची अनुलग्नक-ख में दी गई है।

**अनुलग्नक-क**

**दिनांक 15 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3609 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लिए आरआरआरएलएफ द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता का विवरण**

(राशि रुपए में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018-19 | | 2017-18 | | 2016-17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | गैर-समतुल्य सहायता | समतुल्य सहायता | गैर-समतुल्य सहायता | समतुल्य सहायता | गैर-समतुल्य सहायता | समतुल्य सहायता |
| उत्तर प्रदेश | 8669994.79 | 2794821.00 | 6737024.55 | 29892634.00 | 13750745.94 | 16623979.00 |
| पश्चिम बंगाल | 8374265.09 | 12152487.00 | 10759473.57 | 62219128.00 | 15749462.95 | 24627141.00 |

**अनुलग्नक-ख**

**दिनांक 15 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3609 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**राज्य सरकारों और सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों और सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यासों द्वारा नए संग्रहालय स्थापित करने के लिए अप्रैल, 2014 से जून, 2019 तक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वित्तीय सहायता प्राप्त संगठनों की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | संगठन का नाम | वित्त वर्ष : 2014-15 | वित्त वर्ष : 2015-16 | वित्त वर्ष : 2016-17 | वित्त वर्ष : 2017-18 | वित्त वर्ष : 2018-19 | 2019-20 (14 जून 2019 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | लॉ मार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज, खुर्शीद मंजिल संग्रहालय, बॉक्स नं. 33, लखनऊ | 53.116 | - | 38.21 | - | 38.21 | - |
| 2. | | पार्श्वनाथ विद्यापीठ, आईटीआई रोड, करौंदी, पी.ओ. बीएचयू, वाराणसी | 75.20 | - | - | - | 37.60 | - |
| 3. | | भारत कला भवन, बीएचयू, वाराणसी | - | - | 200.00 | - | - | - |
| 4. | | कैन्टोनमेंट बोर्ड कार्यालय, करियाप्पा, शाजहांपुर | - | - | 10.00 | | 190.72 | - |
| 5. | | इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश | - | - | - | 10.488 | - | - |
| 6. | | राम कथा संग्रहालय और डिजिटल होलोग्राफिक रामलीला (ओएटी), अयोध्या (जिला-फैजाबाद), उत्तर प्रदेश सरकार | - | - | - | - | 400.00 | - |
| 7. | | गुरु गोरखनाथ सेवा संस्थान, गुरु गोरखनाथ संग्रहालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश | - | - | - | - | 250.00 | - |
| 8. | पश्चिम बंगाल | बगनान आनंद निकेतन कीर्तिशाला, जिला संग्रहालय, पीओ-बगनान, हावड़ा | - | 52.215 | - | 52.215 | - | - |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | | आर्ट्सऐसर फाउंडेशन-बीएच-167 लेक, सेक्टर II, कोलकाता | 75.00 | 50.00 | - | 10.00 | - | - |
| 10. | | ललित कला अकादेमी, 2, कैथिड्रल रोड, कोलकाता-700071 | 50.00 | - | - | - | - | - |
| 11. | | गौड़ीय मिशन, गौड़ीय मठ, कालीप्रसाद चक्रवर्ती स्ट्रीट, बागबाजार, कोलकाता | - | 75.00 | 175.00 | - | 99.625 | - |
| 12. | | सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसिज़ (जादूनाथ सरकार), वैष्णवघटा पाटुली टाउनशिप, कोलकाता | 45.605 | 60.805 | 30.402 | - | 25.108 | - |
| 13. | | नेहरू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय, आईआईटी, खडगपुर, पश्चिम बंगाल | - | 32.932 | - | - | - | - |
| 14. | | रबीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, बी.टी. रोड, नॉर्थ 24 परगना, कोलकाता | - | 26.225 | - | - | 26.225 | - |
| 15. | | नाट्य शोध संस्थान, ईई-8, सेक्टर-II, बिधाननगर, कोलकाता | - | 25.45 | 12.725 | 12.725 | 12.503 | - |
| 16. | | नेताजी रिसर्च ब्यूरो, नेताजी भवन, लाला लाजपत राय सारानई, कोलकाता | - | 59.04 | - | - | 56.449 | - |
| 17. | | नेशनल कल्चरल एसोसिएशन, नेहरू बाल संग्रहालय, चौरंगी रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | - | 15.16 | - | 15.17 | - | - |
| 18. | | विश्व-भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल | - | - | - | 273.91 | - | - |
| 19. | | रामकृष्ण सारदा मिशन, सिस्टर निवेदिता विरासत संग्रहालय, बोसपाड़ा लेन, बाघबाजार, कोलकाता | - | 250.00 | - | - | 103.132 | - |

***